राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल से आज 2019 बैच के 11 प्रशिक्षु आई॰ए॰एस॰ पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 07 अप्रैल 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान से आज राजभवन पहुँचकर 2019 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के ग्यारह प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल के साथ प्रशिक्षु आई॰ए॰एस॰ ऑफिसरों की उक्त मुलाकात के समय राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल॰ चोंग्थू भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने मुलाकात के क्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा और कमजोर वर्ग के प्रति हमदर्दी किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के लिए बहुत जरूरी होती है। राज्यपाल ने कहा कि बिना किसी भेद–भाव के समाज के गरीब एवं अभिवंचित वर्ग के लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाना हर प्रशासनिक अधिकारी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन–प्रतिनिधियों से जनता की समस्याओं से जुड़ी कई बातों और वास्तविकताओं की महत्वपूर्ण जानकारी सहज रूप से मिल जाती है; इसलिए उनसे भी पर्याप्त सहयोग लिया जाना उचित होगा। राज्यपाल ने शासन–प्रशासन से जुड़े अपने अनुभवों और राज्य में उच्च शिक्षा के विकास हेतु किए जा रहे सुधार–प्रयासों के बारे में भी प्रशिक्षु अधिकारियों को बताया।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज्यपाल महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने राजभवन का भी परिभ्रमण कर यहाँ की कार्य–व्यवस्था आदि के बारे में सचिव से जानकारी हासिल की।

2019 बैच के प्रशिक्षु आई॰ए॰एस॰ ऑफिसरों के इस दल में श्री समीर सौरभ, श्री कुमार अनुराग, श्री सुमित कुमार, श्री सौरभ सुमन यादव, सुश्री प्रीति, सुश्री खुशबू गुप्ता, श्री नवीन कुमार, श्री यतीन्द्र कुमार पाल, सुश्री प्रियंका रानी, श्री दीपक कुमार मिश्रा एवं श्री स्पर्श गुप्ता शामिल थे।

....